महत्वपूर्ण
समय–सीमा

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
––00––

क्रमांक–एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/03/2023

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव/विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
छत्तीसगढ़ शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागायुक्त
समस्त कलेक्टर
छत्तीसगढ़

**विषय :– सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व–पंजीयन बाबत्।**

**संदर्भ :–** इस कक्ष का समसंख्यक पत्र दिनांक 29.01.2022 एवं स्मरण पत्र दिनांक 02.02.2022, 07.03.2022, 13.04.2022, 08.06.2022, 03.08.2022, 17.10.2022 एवं 21.11.2022

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन करें। सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL - https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा दिनांक 25.04.2022 तक स्व–पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये है तथा कार्यवाही अपेक्षित होने पर समय–समय में बार–बार स्मरण पत्र भी जारी किया गया है, किन्तु कार्यवाही आज दिनांक तक अपेक्षित है। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग द्वारा दिनांक 12.10.2022 को आरटीआई पोर्टल का लोकापर्ण किया गया है।

2/ आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि आरटीआई पोर्टल में पंजीयन हेतु विभाग/विभागाध्यक्ष/संभागायुक्त/कलेक्टर स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर, उनके अधीनस्थ पदाविहित समस्त जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी के ऑनलाईन पंजीयन की कार्यवाही 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर, इस विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें।

(मेरी खेस्स)
**उप सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

..क्रमशः–2...

पृ.क्रमांक एफ 7–1/2021/1–13 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29/03/2023

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर,
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
3. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
4. अवर सचिव सह जनसूचना अधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,

**की ओर कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग